# एस्तेर



© 2021 Comic Bible Society, LLC


माँ, नहीं! पापा पहले ही जा चुके हैं!
मुझे अकेला मत छोड . . .
हदस्सा, छोटी सी बच्ची, तू अकेली नहीं होगी...
बिलकुल, प्रिय चाची... मैं उसकी देखभाल अवश्य करूँगा।
जैसे कि वह मेरी अपनी बेटी हो!
एस्तेर, तुम अपने चचेरे भाई की बात सुनना।
इसके पिता और तेरे पिता, अबीहैल, केवल नाम के भाई नहीं थे, लेकिन वे विश्वास में भी भाई थे।
यहाँ फारस में भी, अपनी मातृभूमि से दूर, हमें अपनी परंपराओं को जारी रखना होगा...
तेरे पिता और मैं... बस तुझे ही चाहते थे... मोर्दकै तेरी देखभाल करेगा... तुझे सिखाएगा...
माँ, मुझे छोड के मत जा!
मत जा!
माँ!
माँ!!!
नहीं! मुझे मत छोड़!
कृपया, मुझे अकेला मत छोड़!
मेरे पास अब कोई नहीं है!
मैं बिल्कुल अकेली हूँ!
नहीं, हदस्सा! नहीं!
नहीं, हदस्सा! नहीं! तू कभी अकेली नहीं है... कभी नहीं...
एस्तेर 2:5-7


हदस्सा! हदस्सा!!!
जेस्शा! नमस्ते!
क्या तूने कुछ सुना है?
मीरा की मंगनी हो गई है!
नहीं! किससे?
यह किसे जानना है? उसके जैसी लड़की, भाग्यशाली है किसी को भी पाने के!
दुल्हन से याद आया, क्या तूने सुना है कि राजा क्या कर रहा है?
हाँ। केवल गुफा में रहने वालों को ही यह पता नहीं होगा।
मैं राजा क्षयर्ष की दुल्हन कभी नहीं बनना चाहूँगी, खासकर यह जानते हुए कि उसकी आखिरी पत्नी के साथ क्या हुआ था!
एस्तेर 1:1-22


मुझे अभी पता नहीं कि रानी वशती का क्या हुआ।
अच्छा, क्या तुझे कुछ साल पहले हुआ वह भोज याद है जिसे शूशन के सभी को जाना था?
राजा क्षयर्ष वास्तव में यूनानियों के साथ उन लड़ाइयों की योजना बना रहा था, जिसमे वह हार गया था, उसमे उसने अपने सभी सनिकों और रईसों और सभी लोगों को बुलाया था।
और रानी वशती का अपना भोज चल रहा था, लेकिन राजा ने उसे उसके भोज में आने का आदेश दिया।
मैंने उसके न जाने के कारण सुना, वह वहाँ इसलिए नहीं जाना चाहती थी क्योंकि उसने उसे नशे में धुत लोगों के समूह के सामने आने का आदेश दिया था। उनके भद्दी टिप्पणियों को झेलने की कल्पना करो!
मैंने कुछ ऐसा कुछ सुना है। राजा हो या नहीं हो, मैं कल्पना नहीं कर सकती कि वह उसका इस तरह अपमान करेगा।
मैंने सुना है कि वह बहुत सुंदर थी...
खैर, चाहे जैसी भी हो, राजा ने उसकी सुंदरता को दिखाना चाहा, उसने इनकार कर दिया, इसलिए राजा ने उसे त्याग दिया!
क्या उसने यह फरमान दिया कि सभी पत्नियाँ को अपने पति का सम्मान करना है या ऐसा ही कुछ?
हाँ! और अब, चार साल बाद, वह एक और रानी की तलाश में है!
एक सुंदर पत्नी -- मैंने सुना है वह फारस की सबसे सुंदर कुंवारी को खोज रहा है।
सौभाग्य से, मैं उसके लिए चुने जाने के खतरे से बाहर हूँ, क्योंकि मैं पहले से ही शादीशुदा हूँ!
मीरा को मेरी बधाई देना!
हम तेरे लिए इस तरह की खबर कब सुनेंगे?
तू हम में से आखरी है, और तू इतनी सुंद र हैं कि हम सब यह आशा करते हैं कि तू अब अगली हो!
मेरा चचेरा भाई व्यस्त है; उसके पास मेरे लिए पति तलाश करने का समय नहीं है!
अच्छा। बेहतर होगा कि वह अब अधिक इंतजार न करें!
मुझे लगता है कि राजा क्षयर्ष ने उन लड़ाइयों को जीत लिया होता अगर उसने अधिक समय लड़ाई की योजना में लगाया होता और कम समय खाने-पीने और दिखावे में, उफ़?
हाँ शायद तू सही है।
बस, एक।
क्या यह तेरे चचेरे भाई के लिए है?
एस्तेर 1:1-22
बेशक! यह उसका पसंदीदा है!
वह एक भाग्यशाली व्यक्ति है, जिसके पास तेरी जैसी देखभाल करने वाली है!
यह सही नहीं है; मैं एक खुशकिस्मत इंसान हूँ क्योंकि मेरे पास इतना देख -रेख करने वाला व्यक्ति है!


मोर्दकै!
हदस्सा! तू यहाँ क्या कर रही है?
बस आशा कर रही थी कि तेरे जाने से पहले मैं तुझे मिल जाऊ!
आह, एस्तेर, मेरा छोटा "सितारा"...
मोर्दकै, मुझे एस्तेर मत कह।
यह एक फारसी नाम है और यह उनके देवताओं में से एक देवता के नाम की तरह लगता है! मेरा नाम हदस्सा है!
मेरा नाम फारसी है, इसका अर्थ है छोटी।
लेकिन दानिय्येल के बारे में सोच! उसने बेलतशस्सर कहलाने से इनकार कर दिया था!
सच। लेकिन नाम यह नहीं बदलता है कि आप कौन हैं!
तू सही हैं, भाई...
...लेकिन मैं भी सही हूँ!
ओह, हदस्सा, इतने लंबे समय के दु:ख के बाद तुझे देख कर आनन्द आ रहा है!
दु:ख? क्या हुआ, भाई?
पूरे दिन काम करना पडता है उस आंडबरपूर्ण अगागी के पास जिसे हामान कहते हैं, और क्या!
पदोन्नति, आगे बढना, अपने ओहदे को ऊँचा करना! वह बस इस सबके बारे में परवाह करता है!
मुझे? मुझे राजनीतिक खेल खेलना नहीं आता है, मैं जो हूँ वह रहता हूँ और कड़ी मेहनत करता हूँ!
यही कारण है कि तू लगभग उसी के समान समान पद पर है --
तुम! जहाँ हो वहीं पर रूक जाओ!


युवा स्त्री, तेरा नाम क्या है?
तू कौन है? तू हमसे क्या चाहता है?
"हम"? मुझे तुझसे कुछ नहीं चाहिए; मुझे इस लडकी से बात करनी है।
मुझे बता, युवा स्त्री, क्या तेरा विवाह इस पुरुष से हुआ है?
हम चचेरे भाई-बहन हैं। तू इससे क्या चाहता है?
तू मेरे रास्ते से हट जा और मुझे अपनी बात कहने दे... तेरी चचेरा बहन से।
मोर्दकै! ठीक है!
तुझे क्या जानना है?
मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है, और मेरा भाई एक अच्छा नागरिक है।
मैंने तुझे बताया है कि मैं तेरे भाई के बारे में कुछ भी नहीं जानना चाहता हूँ!
मुझे बस तेरे बारे में जानना है, यह बता...
क्या तू कुंवारी हैं?
मुझे मालुम है कि तू क्या चाहता है!
और तू उसे नहीं ले जा सकता है!
एस्तेर 2:3-4



नहीं!
रुक जा!
तू मेरे साथ आएगी।
अभी।
जो मुझे लगता है कि राजा को पत्नी होने के लिए ठीक रहेगी उसको लाने के लिए मुझे कहा गया है।
और मुझे लगता है कि तू उसके लिए ठीक रहेगी।
नहीं, मुझे मोर्दकै से दूर मत ले जा!
मत ले जा!
मेरा पास बस यह ही है! उसके पास भी केवल मैं ही हूँ!
दिलचस्प।
पूरे शहर में बहुत सारी महिलाएँ हैं जो रानी बनने की इच्छा रखती हैं!
तू किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश क्यों नहीं करता है जो वास्तव में यह चाहती है?
मुझे कोई फर्क नहीं पडता कि तू क्या चाहती है, महिला!
मुझे केवल यह देखना है कि मेरा स्वामी राजा क्षयर्ष क्या चाहता है!
लेकिन अपने भाई के बारे में चिंता मत कर।
अगले पुरे साल, तुझे और चार सौ अन्य महिलाओं को रानी बनने की कला सिखाई जाएगी।
फिर, राजा तुम सब के साथ रात बिता के यह फैसला करेगा कि उसकी रानी कौन होगी।
उसके बाद, यदि, राजा क्षयर्ष तुझे छोड देता है तो तू चचेरे भाई के पास लौट सकती है।


एस्तेर 2:3-4


क्या मैं अपने भाई को अलविदा कह दूँ?
क्या? नहीं!
जल्दी करो।
मोर्दकै, इसके सिवा हम केवल विरोध ही कर सकते है, और इससे होगा क्या?
मैं तुम्हें खो नहीं सकता, एस्तेर! तू मेरी बेटी जैसी है!
और तू मेरे पिता के समान है, और तूने मुझे बहुत कुछ सिखाया है।
मुझे याद रहेगा जो भी तूने हमारे पूर्वजों के बारे में मुझे क्या सिखाया है।
किसी को पता न चलने देना कि तू इब्रानी है।
ऐसे कई लोग हैं जो इस राष्ट्र के शासकों की सेवा करके हमने जो प्राप्त किया है उसके कारण हमारे लोगों को पसंद नहीं करते हैं।
याद रखना, तू कभी अकेली नहीं है।
"कभी भी अकेले नहीं है..."
चिंता मत कर, मोर्दकै, मुझे देखने के बाद जब राजा मुझे छोड़ देगा तो मैं घर आऊँगी।
शायद मैं तेरे लिए कुछ फल ले आऊँगी!
तेरा नाम क्या है, स्त्री?
हद--एर, एस्तेर, श्रीमान।
एस्तेर। इसका मतलब सितारा है, नहीं क्या? तेरे जैसे के लिए यह एक अच्छा नाम है।
अब आ, तू तुरंत ही अपना प्रशिक्षण शुरू करेगी...



सुन्दर कुँआरियों, राजा क्षयर्ष के महल में तुम्हारा स्वागत है!
अब तक तुम्हें निसंदेह यह ज्ञात होगा कि तुम यहाँ क्यों हो!
तुम्हारे यहाँ आने का केवल एक ही कारण हैं: राजा को प्रसन्न करना!
और हम पूरा एक वर्ष तुम्हें यह सिखाने में बिताने वाले हैं कि तुम्हें कैसे देखना है, कैसे बोलना है, और कैसे कार्य करना है ताकि तुम दिए गए लक्ष्य को प्राप्त कर सको!
सुनो और सीखो, क्योंकि उम्मीद है कि तुम में से एक को रानी वाला ताज पहनाया जाएगा...
...तुमको जो कुछ भी चाहिए वह सब तुम्हारा लिए यहाँ लाया जाएगा। बस मुझसे या किसी और सेवक से कहना।
और यह... यह आईना? यह शबनम के लिए क्या है?
अगर तुम स्वयं को सुंदर बनाना चाहते हो, तो तुम्हें स्वयं को देखना होगा।
क्या तुम्हें तालाब के पानी में अपने प्रतिबिंब की प्रशंसा करने से कभी रोका नहीं गया है? यह कुछ ऐसा ही है।
नहीं।
काश, मैं तेरी जितनी सुंदर होती...
...तुम्हें केवल सुन्दर दिखना ही नहीं है, लेकिन तुम से सुगंध भी आनी है। हमारी सूंघने वाली इंद्री, इन्द्रियों में से सबसे शक्तिशाली होती है।
और तुम्हारे लिए भी, हेगे?
मैंने पाया है कि गंध की शक्ति गंध से ही नहीं होती है, बल्कि गंध से जुडी हुई यादों से होती है।
मेरे लिए, जब मैं इस लैवेंडर (एक प्रकार का फूल) को सूंघता हूँ, तो मेरा दिल पिघल जाता है, क्योंकि यह मुझे मेरी प्यारी माँ की याद दिलाता है, लेकिन दुसरे लोग को किसी और की याद दिला सकता है...


एस्तेर 2:3-4



...यह मोर के समान है, अपने साथी को आकर्षित करने के लिए अपने रंग-बिरंगे पंखों का उपयोग करना।
ध्यान रखना है कि हमें आकर्षित करना है और साथ ही साथ अपनी प्राकृतिक सुंदरता को भी बनाए रखना है...
...यदि तुम राजा की अनुमति के बिना राजा के पास जाते हो, और राजा तुम्हें नहीं बचाता है तो तुम मारे जाओगे!
और अगर राजा तुम्हें बुलाता है और तुम उसके पास नहीं जाते है तो तुम मारे जाओगे!
रानी वशती के साथ क्या हुआ था?
यह राजनीतिक था! किसी गलत फहमी में मत रहना! तुम में से कोई भी रानी वशती नहीं हैं...
...क्या तू सच में किसी और के बाल अपने पर लगाने वाली है?
जिस गरीब लड़की से उन्होंने इसे खरीदा होगा, उसे इसकी कोई आवश्यकता नहीं होगी।
तेरे जैसे बाल है, तुझे नकली बाल लगाने या बाल जोड़ने की आवश्यकता नहीं है, तू भाग्यशाली है।
बहुत बुरी बात है कि वे मेरे लिए तेरे बाल नहीं खरीद सके...
...सच्ची सुंदरता, अनुग्रह और स्नेह, न केवल कामुकता।
सच में, मेरा यह मानना है कि तुम में से केवल एक ही जानती है कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूँ।
हालांकि, मुझे यह भी लगता है कि वह अभी भी यह नहीं जानती है कि वह क्या जानती है...
...कुछ महिलाएँ पाउडर क्यों लगा रही हैं?
प्रिय एस्तेर, हर महिला वह करती है जिससे उनको लगता है कि वह उनको सुंदर बना देगा।
कई लोगों के लिए, इसका मतलब है अपने असली चहरे को ढंकने के लिए एक मुखौटा बनाना।
तेरे लिए, मेरे प्रिय, किसी मुखौटे आवश्यकता नहीं है...
...दूसरी महिलायें अपने शरीर को दिखाने वाले कपड़ों का चयन करेंगी।
यह तेरे शरीर पर अच्छा लगेगा, एस्तेर, लेकिन तेरे व्यक्तित्व पर नहीं।
हेगे, यहाँ पर कई महिलाएँ मेरे से कहीं अधिक सुंदर है।
तुम मुझमें इतनी दिलचस्पी क्यों ले रहे हो?
प्रिय एस्तेर, तू नहीं जानती, और यह तुझे और अधिक सुंदर बनाता है...


एस्तेर 2:12-14


...जब तुझे राजा के सामने पेश होने के लिए बुलाए जाए, तो तुझे जो भी चाहिए उसे माँग सकती है।
हालांकि, मैं तुझे सुझाव देता हूँ कि तू सरल गहने और सरल श्रृंगार करे क्योंकि यह तेरी सुंदरता को बढ़ाएगा, इसे ढ़केगा नहीं।
बस मैं जो कहता हूँ वह कर, उनकी व्यर्थ की सलाह मत मानना जो --
एस्तेर!!!
एस्तेर!!! प्रिय एस्तेर!
यह कौन है?
यह मोर्दकै है। यह राजा के फाटक पर काम करता है।
यह मेरा चचेरा भाई है।
एस्तेर, तू इससे नहीं मिल सकती है। राजा को अपनी पत्नियों को लेकर बहुत जलन होती है, और अब, तू निश्चितः उसकी पत्नियों में से एक है।
मैंने उसे लगभग एक वर्ष तक नहीं देखा है! जब से तुम लोग मुझे ले लाए!
लेकिन मोर्दकै ने मुझे गोद लिया था! मुझे पाला-पोषा! मुझे बचाया!
और अब मैं तेरी रक्षा करने के लिए हूँ!
यही तो इसकी अच्छाई है! तू अभी भी मेरे साथ रहेगा!
ओह, मोर्दकै! मेरा चचेरा भाई!
उन्होंने कहा कि हर सुबह एक आदमी रनवास फाटक पर आता है, और मेरे बारे में पूछता है!
मैं जानती थी कि वह तू है!
क्या तू ठीक है?
हाँ, मैं ठीक हूँ। हमारे लिए देखभाल करने वाला खोजा, हेगे ने मेरे में बड़ी दिलचस्पी ली है।
उसने मुझे सात लड़कियाँ सेवा करने के लिए दी हैं और रनवास में सबसे अच्छी जगह दी है। और मैं...
मैंने वही किया है जो उसने मुझे करने के लिए कहा है। और मैं ऐसा ही करती रहूँगी।
इसकी एक साल की तैयारी हो चुकी है। उसे जल्द ही राजा के सामने जाने के लिए बुलाया जाएगा।
ओ, एस्तेर। डरो मत। जब तू राजा के सामने जाएगी, तो बस वह सब याद रखना जो मैंने तुझे बताया है।
मैं अकेली नहीं हूँ।
तू कभी अकेली नहीं है।
मुझे पता है कि जब समय आएगा तब तू अपनी असली सुंदरता को स्वाभाविक रूप से चमकने देगी-

एस्तेर 2:12-14


"—एक सितारे के समान है तू, एस्तेर।"
राजा तुझे पहचानता है! आगे आ!
एस्तेर 2:15


और तू कौन हो सकती है?
मैं हूँ... मैं हूँ... मेरा नाम एस्तेर है!
तुझे डरने की आवश्यकता नहीं है, एस्तेर।
मैंने अभी तक... मैंने अभी तक तेरे जैसी सुन्दरता... नहीं देखी है...
मेरे प्रभु।
आ, एस्तेर, हम साथ में भोजन करते हैं!
मेरे रसोइये ने ऐसा उत्तम भोजन तैयार किया है, जैसे अभी तक किसी ने चखा नहीं है...
... क्या सब कुछ तुझे पसंद आया?
मेरे राजा, तूने मुझे इतना अच्छा भोजन खिलाने में जो दयालुता दिखाई है, उस के लिए मैं तुझे धन्यवाद देती हूँ।
और मैं तुझे धन्यवाद देता हूँ, एस्तेर, उस दया के लिए जो तूने मेरे साथ भोजन खा के दिखाया है...
यह पूरी शाम मेरे उम्मीद से अच्छी रही है, मेरे राजा।
हमारी शाम की अभी शुरुआत है। बगीचे के दूसरे कोने में कुछ पक्षी हैं और मैं चाहता हूँ कि तू उनको देखे।
यद्यपि, मैं यह सोच भी नहीं सकता कि तेरी सुंदरता की तुलना में वे कुछ भी है।
और मैं अपनी ऐसे सोच को रोक नहीं सकता हूँ, शायद, एक शाम का साथ पर्याप्त नहीं होगा...



और यही कारण है कि मेरे इसके लिए चुने जाने पर मुझे बहुत खुशी हुई थी!
अब हम, जब हम रनवास में है तब भी, हमारी सभी आवश्यकताओं को पूरा करा जाएगा! हम कोई रानी नहीं हैं, लेकिन यह जीवन अभी भी अच्छा है!
यह वह जीवन नहीं है जिसकी मुझे उम्मीद थी..
या यहाँ तक कि मैं जीना चाहती थी..
तुझे अपने जीवन से क्या उम्मीद थी, बच्चे?
तूने वास्तव में इस जीवन से इससे अधिक की उम्मीद की थी?
मैं सिर्फ उन लोगों के साथ अपना जीवन बिताना चाहती थी जिनसे मैं प्यार करता थी, शायद मैं विवाह करके अपना परिवार बसाना चाहती थी।
अब तू राजा की पत्रियों में से एक है! हम परिवार हैं!
एस्तेर! पछतावे के कोई समय नहीं है। जल्दी कर!
यह क्या है?
राजा ने तुझे बुलाया है!
रा... राजा!
आजा! मेरे द्वारा चुने गए वस्त्र के साथ शबनम तेरी कोठरी में तेरा इंतजार करती है!
कैसे...
वह?!? वह उसे दुबारा बुला रहा है? उसने अभी तक किसी और को नहीं बुलाया है!
मुझे नहीं लगता कि तुझे पता है कि मुझे यहाँ क्यों बुलाया गया है?
...
कोई बात नहीं, मुझे कोई भी नहीं बताएगा।
राजा एस्तेर को पहचानता है! आगे आ!
एस्तेर! दुबारा से स्वागत है तेरा!
मुझे दुबारा से मिलने के लिए तेरी कृपा-दृष्टी के लिए तेरा धन्यवाद!
ओ, अब मैं तुझे केवल देखना ही नहीं चाहता हूँ!
मैं तुझे कुछ देना चाहता हूँ।
एस्तेर, कई महिलाओं को मेरी र खैल और मेरी पत्नी बनाया गया है।
लेकिन मेरी इच्छा केवल एक महिला की ही है --
एस्तेर 2:17


--मेरी रानी बनाने का!


मैं तुम्हें रानी एस्तेर प्रस्तुत करता हूँ!
अब, हमारी नई रानी के सम्मान में एक भोज होगा!
पूरा देश हमारे साथ मनाएगा!!!


आओ, एस्तेर, हम साथ में भोजन करते हैं!
मेरे रसोइये ने ऐसा उत्तम भोजन तैयार किया है, जैसे अभी तक किसी ने चखा नहीं है...
दुबारा? मुझे नहीं पता कि मैं अपने जीवन काल में दो ऐसे भोजन संभाल सकती हूँ कि नहीं।



एस्तेर 2:3-4


मेरे राजा, क्या मेरी पत्नी और मैं तुझे हमारी बधाई दे सकते हैं?
तुम दे सकते हो, हामान! बिलकुल!
एस्तेर, तुम उतनी ही सुंदर हो जितना वे कहते हैं।
धन्यवाद।
एस्तेर!
एस्तेर! कुछ बताना है!
मेरे राजा, क्या तू मुझे एक पल के लिए जाने दे सकता है?
हाँ, हाँ, एस्तेर। जल्दी वापस आना!
अब, हामान, मैं समझता हूँ कि तेरे पास कुछ अनोखे विचार हैं!
मोर्दकै, मैं उस पर विश्वास नहीं कर सकती जो हुआ है!
यह एक बवंडर की तरह है और मैं इसके बीच में फंस गई हूँ!
मैंने सुना है कि राजा ने इस ख़ुशी को मनाने के लिए प्रांतों से उसके करों में कटौती की है!
यह सब बहुत भावुक करने वाला है!
मोर्दकै, क्या समस्या है?
आज सुबह, जब मैं राजा के फाटक पर पहुँचा, तो मैंने दो व्यक्तियों को गुस्से से बात करते हुए सुना।
"उनके नाम बिकतान और तेरेश हैं - ये राजा के दो खोजे हैं। तू भी शायद उन्हें जानती है।
"उनके नाम बिकतान और तेरेश हैं - ये राजा के दो खोजे हैं। तू भी शायद उन्हें जानती है।
"उनके नाम बिकतान और तेरेश हैं - ये राजा के दो खोजे हैं। तू भी शायद उन्हें जानती है।
"और जब वे अपनी योजनाओं के बारे में सही से बात कर रहे थे तब मैंने उनकी बात सुनी कि वे भीड़-भार और अपनी विश्वसनीय पदों का उपयोग करेंगे--"

एस्तेर 2:21-22


--राजा को मारने के लिए!!!
तू मुझे यह क्यों बता रहा है?
क्योंकि, एस्तेर। यदि वे सफल होते हैं, तो यह इस पूरे देश और आसपास के सभी प्रांतों को बहुत ही खतरनाक स्थिति में डाल देंगे।
अगर मैं कुछ करने की कोशिश करता हूँ, तो मैं केवल एक अकेला आदमी हूँ, एक यहूदी आदमी, बहुत सारे लोग मेरा तिरस्कार करते है, जैसे कि हामान।
लेकिन तू? तू तो रानी है।
लेकिन तू? तू तो रानी है।
सब कुछ।
एस्तेर! क्या तू हामान से मिली है?
यह एक राजनेता हैं, यह कोई गलती नहीं करता है, और मुझे इसकी कामना उपयोगी लगती है।
धन्यवाद, मेरे स्वामी। तू सदा जीवित रहे।
मेरे राजा, मैं हस्तक्षेप करने के लिए माफी माँगती हूँ, और मुझे पता है कि तेरा समय मूल्यवान है।
एस्तेर, कोई समस्या है क्या?
मेरा... मैं किसी ऐसे व्यक्ति को जानती हूँ जो राजा के फाटक पर काम करता है, और वही उसने... उसने दो पुरुषों को आपस में बात करते सुना।
क्या सुना?
एस्तेर 2:22


मुझे माफ़ करना, हामान, मुझे और कहीं पर शामिल होना है।
एस्तेर, आ!
मत ले जा! हमने कुछ नहीं किया है!
नहीं?
मेरे लोगों ने पूरी जाँच की है! मैं तुम्हारे जैसे भरोसेमंद सेवकों को दंडित करने से पहले निश्चित होना चाहता था!
और मैंने पाया है कि तुमने भरोसे को तोड़ा है और मेरे भरोसे का उपयोग मुझे मारने के किया है!
मैंने!!!
और इसके लिए, तुम्हें मरना होगा!!!
तुम्हें सूली पर चढ़ाया जाएगा और दुनिया तुम्हारी दर्दनाक मौत देखेगी!!!
इन्हें दूर ले जाओ!!!
एस्तेर, तुम्हें यह जानकारी किसने दी?
उसका नाम मोर्दकै है।
उनका नाम शाही दस्तावेज में लिखा जाएगा, और उसे विधिवत पुरस्कृत किया जाएगा।
एस्तेर 2:23


स्वामिनी, रानी एस्तेर!
क्या मैं तुझे आज सुबह कुछ फल दूँ?
मैं ऐसे फल अपने चचेरे भाई के लिए लाती थी जब भी मेरे पास कुछ बच्चे हुए पैसे होते थे।
और अब, मुझे देख!
तेरा चचेरा भाई... वह मोर्दकै ही है ना, जो राजा के फाटक पर काम करता है, वही है ना?
हाँ। मुझे उम्मीद थी कि मैं रानी बनने के बाद उससे अधिक मिल पाउंगी।
मुझे रनवास की तुलना में बहुत अधिक स्वतंत्रता है, लेकिन जब से हामान का पद बढ़ा है, मैंने मोर्दकै को बहुत ही कम बार उसे देखा है।
मुझे लगता है कि राजा क्षयर्ष भूल गया है कि मेरे चचेरे भाई ने कैसे हत्या की साजिश को
नाकाम कर दिया था। यह साफ़-साफ़ देखा जा सकता है क्योंकि उसने हामान को उच्च पद दिया, लेकिन मेरा चचेरे भाई राजा के फाटक पर अपनी पुरानी स्थिति में ही है।
हालांकि तेरा चचेरा भाई ने भी हामान के सम्मान को ठेस पहुचाया था
उसने उसके सामने झुकने से माना कर दिया था!
हामान सोचता है कि क्योंकि उसके पास राजा की कृपा-द्रृष्टि है इसलिए वह स्वयं राजा के समान व्यवहार कर सकता है!
लेकिन मेरा चचेरा भाई ने गुस्से वाले हामान के सामने झुकने से इनकार नहीं करा था।
फिर क्यों?
क्योंकि वह है... क्योंकि वह...
स्वामिनी, एस्तेर!
यह क्या है, हताक?
स्वामिनी, मुझे पता है कि तू उस बड़े सज्जन पुरुष को पसंद करती है जो राजा के फाटक पर काम करता है।
जब तक मैं तेरे पास राजा के खोजे के रूप में नियुक्त करा गया हूँ तब से मैंने उसे कभी-कभी ही तेरे साथ देखा है।
आज मैंने उसे राजभवन के फाटक के बाहर देखा।
उसी स्थान पर वह काम करता है।
नहीं, मेरी रानी।
वह राजभवन के फाटक के बाहर था क्योंकि उसे उससे आगे जाने की अनुमति नहीं है।
आगे जाने की अनुमति नहीं है? तेरा मतलब क्या है?



वह टाट पहनकर, राख डालकर विलाप कर रहा था!
जैसा कि तू अच्छी तरह से जानती है कि राजभवन के फाटक के अन्दर शोक मनाने वाले कपड़े पहनकर आने की अनुमति नहीं है।
कुछ भयानक हुआ है।
मुझे जाना चाहिए और उसकी देख-रेख करनी चाहिए!
मुझे जाना चाहिए और उसकी देख-रेख करनी चाहिए!
स्वामिनी एस्तेर, नहीं! तू वहाँ नहीं जा सकती है!
तू रानी है, मगर तू कही पर भी नहीं जा सकती है!
कुछ किया जाना चाहिए! उसे मेरे पास ला ताकि मैं उसकी सहायता कर सकूँ!
वह उन कपड़ों में अन्दर नहीं आ सकता है!
फिर जा, हताक! उसके लिए कुछ कपड़े ले जा और उसे यहाँ ले आ!
उसे बताना कि जो कुछ भी समस्या है, मैं उसे ठीक कर दूँगी!
हताक, मोर्दकै कहाँ है?
भली रानी, मैं तेरी दया की भीख माँगती हूँ।
जैसे कि तूने मुझे कहा था मैंने उसे कपड़े दिए थे।
फिर?
वह टाट वाले कपड़े उतारने से इनकार करता है?
उसे क्या हो गया है, कि वह मेरे पास तक आने के लिए शोक नहीं रोक सकता है?!?
ऐसी भयानक क्या बात हुई है?
हताक! तुझे उसके पास दुबारा जाना चाहिए और पता लगाना चाहिए कि क्या समस्या है!


स्वामिनी एस्तेर, तूने मुझे हताक के आने पर मुझे बताने के लिए कहा था।
वह आ गया है।
शुक्रिया, शबनन।
हताक, क्या मोर्दकै ने तुझे सब कुछ बताया?
महारानी, उसने बताया।
क्या तुझे याद है कि जब हामान का पद बढ़ा था तब कैसे मोर्दकै ने हामान के सामने झुकने से इनकार कर दिया था?
मुझे याद है।
अभी भी वह ऐसा ही करता है।
जाहिर है, मोर्दकै हामान के सामने इसलिए नहीं झुका क्योंकि मोर्दकै एक यहूदी है।
क्या यह सच है?
हाँ, वह... हम यहूदी हैं।
हम मानते हैं कि परमेश्वर केवल एक है, और हम केवल उसी परमेश्वर की आराधना करेंगे।
मुझे पता है।
और इसके चलते तेरा सब कुछ जा सकता है।
तू क्या कहना चाहता है?
क्या तुझे यह नहीं पता है कि राजा क्षयर्ष ने हाल ही में कौन सा कानून पारित किया है?
"तू जानती है कि जब राजा ने हामान को उच्च पद दिया, तब हामान ने अपनी उच्च पद से यह आशा की कि लोग उसके सामने झुकेंगे।
"तू जानती है कि तेरा चचेरे भाई ने झुकने से इनकार कर दिया क्योंकि वह एक यहूदी है।
"लेकिन यहाँ कुछ ऐसा है जिसे तू नहीं जानती है...

एस्तेर 3:1-6



"मोर्दकै के लिए हामान की नापसंदगी केवल गर्व और राजनीति नहीं है, बल्कि तेरे लोगों के प्रति पीढ़ियों से नफरत है।
"उसने उन सभी को मारने के लिए एक दिन का चयन किया है!
"वह क्षयर्ष के पास गया और उसने कहा कि तेरे लोग राजा के कानून को नहीं मानते हैं --
"—इसलिए उन सब को मार देना उचित होगा।
"इस काम के लिए उसने राजभण्डार में धन की पेशकश भी की।
"राजा ने हामान को अपनी मुहरवाली अँगूठी दी।
"और यहूदी लोगों को नष्ट करने की आदेश की अनुमति।
"और जो भी सहायता करेंगे वे उनका सामान लूट सकते हैं।
"यह सिर्फ फारस के लिए नहीं है, बल्कि सभी प्रांतों \के लिए जहाँ राजा क्षयर्ष राज करता है।
"यह एक देवता के अनुयायियों का सत्यानाश करने से कुछ कम नहीं है।
"यहूदी शोक में हैं और विलाप करते हैं।
"यहूदी शोक में हैं और विलाप करते हैं।
"जब राजा क्षयर्ष और हामान दाखमधु पीने बैठे।"
यह सच नहीं हो सकता...
बहुतों को विश्वास नहीं होता है। फारसी और यहूदी एक जैसे है।
लेकिन इस आदेश को देखकर इस प्रकार का विश्वास टूट गया है।
तेरे चचेरे भाई ने यह भेजा है।

एस्तेर 3:1-15


यह... यह सच है।
हाँ।
तेरा चचेरे भाई ने मुझे तुझे एक अनुरोध देने के लिए कहा है: वह चाहता है कि तू राजा के पास जाएँ।
और राजा से आग्रह करे कि वह आदेश को रद्द कर दे।
नहीं!!!
वह जानता है कि यदि कोई राजा के बुलाए जाने के बिना राजा के पास जाता है तो उसे मार डाला जाएगा!
मैं कोई अपवाद नहीं हूँ! अगर उसने अपनी कृपा-दृष्टि मुझ पर नहीं करी, तो मैं मारी जाऊँगी!
तू उससे कह कि वह मुझसे मेरी मृत्यु के लिए जाने को कहता है!!!
जा! उसे बता!
उससे पूछना कि वह मुझसे ऐसा करने को कैसा कह सकता है !!!



तेरी मोर्दकै के साथ बात हुई।
उसने क्या कहा?
उसने कहा, रानी एस्तेर, ऐसा मत सोच कि तू महल में हामान के आदेश से बच सकती है।
यदि तू चुप रहती है, तब भी यहूदी बचाए जाएँगे लेकिन तू और तेरे पिता का घर नष्ट हो जाएगा।
और उसने कहा, "कौन जाने कि तुझे क्षयर्ष के राज्य में रखा गया है -
"इस समय के काम के लिए?"
मोर्दकै से कह कि तीन दिनों के लिए शूशन में सभी यहूदी प्रार्थना करें और मेरे लिए उपवास रखें।
मैं और मेरी सेविकाएँ भी उपवास रखेंगी।
उन तीन दिनों के बाद, मैं राजा के सामने जाऊँगी।
हाँ, मेरी रानी।
और अगर नष्ट हो गई...
एस्तेर 4:15




एस्तेर 4:16


हाँ... हाँ... रानी एस्तेर, मैं तुझे पहचानता हूँ।
राजा रानी एस्तेर को पहचानता है!
एस्तेर, ऐसी क्या चाहत हो सकती है कि तू यहाँ अपनी जान जोखिम में डालकर आई है?
मेरे राजा, मेरा एक निवेदन है।
जो भी है बोल, मेरी प्रिय। नाम बता, और वह तेरा हो जाएगा!
बहुत समय से हमने साथ में समय नहीं बिताया है।
मैं तुझे एक भोज के लिए आमंत्रित करना चाहती हूँ जिसे मैंने तेरे लिए तैयार किया है!
तेरा मतलब है कि तूने मुझे खाने पर आमंत्रित करने के लिए यहाँ आने का जोखिम उठाया है?
मेरे लिए तेरे द्वारा तैयार लिए गए रात्रिभोज में आना मेरा सम्मान होगा!
और हामान।
और हामान।
हामान!?!

एस्तेर 5:1-2


एस्तेर, तेरे बाल, यह तेरे सिर से झरने की तरह बहते है।
ओ, मेरे राजा, तू बहुत दयालु है!
क्या तूने भुना हुआ दलिया चखा है?
यह शानदार है!
एस्तेर, तुझे अपने रसोइए से मेरी पत्नी के रसोइए को यह नुस्खा देने के लिए कहना होगा!
बहुत स्वादिष्ट!
एस्तेर, तू मुझसे क्या चाहती है?
मेरा आधा राज्य? आधा राज्य तुम्हारा है!
मेरे स्वामी, मेरा एक अनुरोध है।
यदि मैंने अपने राजा की आँखों में कृपा-दृष्टि पाई है, और यदि यह तुझे प्रसन्न करता है --
-- तू और हामान कल यहाँ एक और बार रात के खाने पर आओगे, जो मैं तुम्हारे लिए तैयारी करूँगी।
कल मैं अपना निवेदन दूँगी।
हम कल दुबारा आना पसंद करेंगे!
रात के खाने के लिए रानी द्वारा दुबारा आमंत्रण!
रात के खाने के लिए रानी द्वारा दुबारा आमंत्रण!


इस प्रकार राजा उसका सम्मान करता है जो उसे प्रसन्न करता है!!!
वहाँ क्या हो रहा है?
मोर्दकै? क्या हो रहा है?
लगता है राजा कल रात सो नहीं सका।
और तुझे घोड़े पर बिठाना उसे बेहतर नींद कैसे दे सकता है?
उसने भवन के इतिहास पढ़ने वाले को इतिहास की पुस्तक पढ़ने का आदेश दिया।
उसने भवन के इतिहास पढ़ने वाले को इतिहास की पुस्तक पढ़ने का आदेश दिया।
उसने भवन के इतिहास पढ़ने वाले को इतिहास की पुस्तक पढ़ने का आदेश दिया।
"उस दिन से मैंने उस हत्या की साजिश को नाकाम करने में सहायता की।"
इस मोर्दकै को।
मेरे जीवन को बचाने के लिए उसे क्या सम्मान मिला है?
कोई नहीं, महान क्षयर्ष, तेरा नाम हमेशा के लिए सम्मानित रहे।
तो इसने तुझे ऐसे सम्मान पहुचाया है?
लगता है यह हामान की और से है, तेरे से नहीं।
लगता है यह हामान की और से है, तेरे से नहीं।


"मुझे नहीं पता कि हामान यहाँ पर इतनी देरी से क्यों आया था।
"मैंने सुना है कि वह यहाँ किसी निर्माण परियोजना के बारे में राजा से बात करने के लिए आया था।
"एक फांसी के लिए खम्भा या कुछ और।
"लेकिन राजा ने उसे बुलाया था।
"और क्षयर्ष ने हामान से सलाह माँगी।
हामान, कोई है जिसने मुझे प्रसन्न किया है, मेरी सेवा और मेरे देश की सेवा करके!
मैं किसी ऐसे व्यक्ति का सम्मान कैसे कर सकता हूँ जिसने ऐसा काम किया है।
"मैं सोच सकता हूँ कि एक आदमी जिसका सब कुछ स्वयं पर ही केन्द्रित होता है उसके मन में क्या हो सकता है।"
पहले, राजा और रानी के साथ खाने पर आमंत्रित किया गया - दो बार! - और अब यह!
हमें यह करना चाहिए!
उसे राजकीय वस्त्र पहनाया जाए, जो राजा पहनता है!
घोरे पर बैठाया जाए, जिस पर राजा सवार होता है!
और नगर के सडकों पर उसे घुमाया जाए!
यह प्रचार किया जाए, "जिसकी प्रतिष्ठा राजा करना चाहता है, उसके साथ ऐसा ही किया जाएगा।"
हाँ! ऐसा ही करो!
सुनिश्चित कर कि तूने जो कुछ भी कहा है वह सब कुछ एकदम ही किया जाए!
मेरी अलमारी से मेरा वस्त्र ला!
मेरी अलमारी से मेरा वस्त्र ला!
हामान, तू व्यक्तिगत रूप से इसका जिम्मेदार होगा --


--यहूदी मोर्दकै को यह सम्मान देना है!
हामान ने व्यक्तिगत रूप से यह वस्त्र मेरे कंधों पर रखा।
और मै तेरे पास यहाँ हूँ!
तो, तू राजा से कपडे स्वीकार लेगा, लेकिन रानी से नहीं?
बहुत मज़ा आया, मेरा छोटा सितारा।
क्या तूने राजा से बात की?
हाँ, यह करता?
और यही राजा क्षयर्ष भी चाहता था।
मैंने राजा को एक विशेष रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया है, और साथ साथ हामान को भी आमंत्रित किया है।
हामान? लेकिन क्या तुझे नहीं लगता कि अगर तू अकेले राजा के साथ एक विशेष रात्रिभोज करे तो वह तुझे राजा के और करीब लाएगा?
लेकिन मुझे लगता है कि हामान को आमंत्रित करना, जब क्षयर्ष मेरे साथ अकेले रहना चाहता है...
हदस्सा, मुझे लगता है कि तूने शाही राजनीति में बहुत समय बिताया है!
प्रिय भाई, मैं सिर्फ वह बता रही हूँ जो मैं सोचती हूँ!
एक सच्चे परमेश्वर की अनुयायी, जो, जैसे कि तूने कहा था, मुझे इस समय के लिए यहाँ लाया है!

एस्तेर 5:1-4, 6:11


रानी एस्तेर!
राजा आ गया! और हामान, राजा के खोजों की संरक्षण में!
मैं कैसा दिखता हूँ?
हमेशा की तरह, सम्मोहक, मेरी रानी!
मेरी रानी, एक पल मुझे दे!
मेरे पास एक पल भी नहीं है, हताक।
राजा यहाँ है।
यह क्या था, हताक?
परेशान करने वाला समाचार।
हामान ने पचहत्तर फीट ऊँचा एक फंदा का खम्भा बनाया है, जिस पर वह सुबह होते ही मोर्दकै को लटका देना चाहता है!
हामान ने पचहत्तर फीट ऊँचा एक फंदा का खम्भा बनाया है, जिस पर वह सुबह होते ही मोर्दकै को लटका देना चाहता है!
मुझे लगता है उसके लोगों को बचाने की प्रेरणा उसके लिए बहुत है।
मुझे लगता है उसके लोगों को बचाने की प्रेरणा उसके लिए बहुत है।

एस्तेर 7:1


मैं अपनी पत्नी से उस सम्मान के बारे में कह रहा था जो तूने मुझे दिया है!
मैं अपनी पत्नी से उस सम्मान के बारे में कह रहा था जो तूने मुझे दिया है!
तेरी उपस्थिति मेरा सम्मान है, प्रिय राजा।
तू क्या चाहती है, एस्तेर?
नाम बता! तेरा हो जाएगा! यहाँ तक कि मेरा आधा राज्य भी!
यदि तू मुझ पर प्रसन्न है, तो महान राजा क्षयर्ष, मैं केवल एक ही चीज़ मांगती हूँ।
मेरा जीवन।
तेरा जीवन?
हाँ, कृपया, मुझे मेरा जीवन दे दे!
और मेरे लोगों का जीवन भी!
इससे तेरा क्या मतलब है?

एस्तेर 7:1-3


मुझे, और मेरे लोगों को, बेचा गया है, राजा क्षयर्ष!
चाँदी से खरीदा गया है हमारा जीवन!
हमारे मौत का मूल्य रखा गया है और मौत के दस्तावेज पर मुहर लगाईं गई है!
हम सभी को मरने की सजा दी गई है!!!
मेरी रानी और उसके लोगों के साथ ऐसा कौन करने की सोच सकता है?
वह कौन है? वह कहाँ है?
मुझे बता, और वह खोजा जाएगा और उसे हिसाब देना होगा!!!
मेरे लोगों का दुश्मन हमारे साथ इस मेज पर है!
यह आदमी!
हामान!!!
मै यहूदी हूँ।
मेरा चचेरा भाई मोर्दकै है।
और हामान ने, मेरे चचेरे भाई और मेरे लोगों के प्रति घृणा के कारण, तेरे से मेरे लोगों की मौत को कानून पर मुहर लगवाया!



एस्तेर 7:4-6


हामान!!!
मेरा सबसे भरोसेमंद आदमी!
हामान ने मेरी रानी को मारने की साजिश रची!?! उसके लोग को!
इसे मत छोड़ना! मुझे कुछ समय दो! मुझे सोचना चाहिए!!!
यह समाप्त हो गया है।
दया!!!
दया!!! मैं कैसे जान सकता था...
मैं बर्बाद हो गया हूँ! तूने मुझे ख़त्म कर दिया!!!
तूने, हामान, स्वयं को ख़त्म किया है!
क्या तुझे लगता है कि तू एक सच्चे परमेश्वर के लोगों के विरुद्ध जा सकता है?
घिनौना दुष्ट!



एस्तेर 7:7-9


क्या तू मेरे सामने ही रानी से बरबस करना चाहता है?
मेरे ही महल में!
स्वामिनी, हामान ने अपने ही घर में, पचहत्तर फुट लंबा, एक फंदा वाला खम्भा बनाया है!
सुबह आने पर मोर्दकै को फांसी देने के लिए!
मोर्दकै!?!
नहीं!
उस मनहूस चीज पर लटकने वाला हामान होगा! इसे ले जा!!!
कृपया, महान राजा, जिनका चेहरा सूर्य की तरह चमक रहा है!
उन सभी वर्षों के बारे में क्या जब मैंने तेरी सेवा की है?
तूने केवल एक व्यक्ति, हामान की सेवा की है, और वह व्यक्ति मैं नहीं था।


मोर्दकै, जिसने मेरी जान बचाई।
एस्तेर, मेरी प्यारी रानी। ऐसा क्या है तो मैं तुझे दे सकता हूँ? नाम बता, और वह तेरा हो जाएगा।
यहाँ तक की मेरा आधा राज्य भी?
मेरा आधा राज्य, हाँ।
मेरे राजा, कृपा कर! मेरा निवेदन वही है।
मेरे लोगों का जीवन! जिस आदेश को लिखकर हामान ने मुहर लगा दी उसको रद्द कर!
एस्तेर, मेरी रानी, तुझे पता है कि यह नहीं किया जा सकता है!
मैंने तुझे हामान का घर दिया है, जिसे तूने समझदारी से अपने चचेरे भाई को सौंप दिया है।
मैंने हामान को तेरे चचेरे भाई के स्थान पर फांसी पर लटका दिया है।
लेकिन जब मैंने मंजूरी दे चूका हूँ, तो मैं उस कानून को रद्द नहीं कर सकता हूँ।
शायद तू इस कानून को रद्द नहीं कर सकता है। लेकिन तू एक नया कानून दे सकता है?
वह जो पहले का प्रतिकार करेगा? शायद, एक ऐसा कानून, जो हमारे लोगों को स्वयं का बचाव करने की अनुमति दे।
ओ, हाँ...


मोर्दकै, मैं तुझे अपने दरबार में हामान का पद देता हूँ!
अपने लोगों के विषय में अपनी इच्छा के अनुसार लिख और उस पर मेरी अंगूठी से मुहर लगा!
जैसा कि तू जानता है, मेरी अंगूठी द्वारा मुहर लगाएँ गए कानून को रद्द नहीं किया जा सकता है!
इस पर वजन डालने के लिए, अपने लोगों को अनुमति दे कि उनके साथ लूट-पाट करें जो उनके साथ लूट-पाट करना चाहते हैं!
इस तरह का प्रचार व्यक्ति को मारने से पहले दो बार सोचने के लिए मजबूर करेगा।
क्योंकि वे उन लोगों पर हमला करेंगे जिन पर राजा की कृपा-दृष्टि है!
अच्छा भाई, मुझे लगता है कि शायद तुझे इसी समय के लिए क्षयर्ष के राज्य में रखा गया था!
परमेश्वर के छुटकारे की याद दिलाता है?
हम अपने लोगों के लिए एक और घोषणा करेंगे।
यह सब होने के बाद जश्न मनाने का।
हाँ, हदस्सा! हाँ!
निश्चित रूप से तेरे शब्द सच थे, मोर्दकै।
मैं कभी अकेला नहीं थी।
कभी भी नहीं।



एस्तेर 8:2-9:17

“THE BIBLE EXPLAINED
IN EVERY LANGUAGE.”








# SUPERBIBLE.TV